दिनांक 22.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्तों को पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश दिया गया था की वे अपने–अपने जोन के अंतर्गत स्वच्छता निरीक्षक के प्रभार वाले वार्डों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की जावे रात में की जाने वाली सफाई कार्य मार्केट के बंद होने के बाद ही किया जाना है जिससे कि स्वच्छता बनी रहे आयुक्त महोदय के आदेशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई0एल0 यादव के द्वारा जोन कार्यालय में आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है । निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित साफ सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रि कालीन सफाई कार्य की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें तथा की गई सफाई व्यवस्था से अवगत करावे। स्वच्छता को लेकर निगम प्रशासन के द्वारा लगातार निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने मोबाइल में स्वच्छता एप अवश्य डाउनलोड करें इस संबंध में समस्त स्वच्छता निरीक्षक स्वास्थ्य एवं राजस्व के मैदानी अमला के कर्मचारियों के द्वारा वार्ड भ्रमण के दौरान नागरिकों से स्वच्छता एप अवश्य डाउनलोड करावें स्वच्छता के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए इसमें की गई शिकायत का निराकरण मौके पर ही निरीक्षण कर किया जावेगा घर से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे पृथक–पृथक डस्टबिन में रखकर वार्ड में आने वाले सफाई रिक्शा मित्र को देवें। अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील नागरिकों से की जावे। जोन 1 कार्यालय के अंतर्गत जुनवानी मार्ग की सफाई, वार्ड 2 स्मृति नगर मार्केट रात्रि कालीन सफाई, जोन 3 वार्ड 22, 23 सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, जलेबी चौक, जवाहर मार्केट, एवं जोन 4 अंतर्गत भी रात्रि कालीन सफाई का कार्य किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी